Daily COVID-19 Updates

15 July, 2020




COVID-19 Tracker
As on 15th July, till 8 AM
Confirmed Cases 936,181 (▲29,429)
Active Cases 319,840 (▲8,275)
Cured* 592,032 (▲20,572)
Deaths 24,309 (▲582)
No. of Cases
0 - 2000
2001 - 10000
10001 - 30000
30001 - 100000
100000+
Deaths
Statewise - Confirmed Cases (8000+)
MAHARASHTRA 267,665 (▲6741)
TAMIL NADU 147,324 (▲4526)
DELHI 115,346 (▲1606)
KARNATAKA 44,077 (▲2496)
GUJARAT 43,637 (▲915)
UTTAR PRADESH 39,724 (▲1594)
TELANGANA 37,745 (▲1524)
ANDHRA PRADESH 33,019 (▲1916)
WEST BENGAL 32,838 (▲1390)
RAJASTHAN 25,571 (▲635)
HARYANA 22,628 (▲734)
BIHAR 19,284 (▲1325)
MADHYA PRADESH 19,005 (▲798)
ASSAM 17,807 (▲1001)
ODISHA 14,280 (▲543)
JAMMU & KASHMIR 11,173 (▲346)
KERALA 8,930 (▲608)
PUNJAB 8,511 (▲333)
Previous Cases
Cases in Last 24 hrs
Cured vs. Deaths
149,007
10,695
97,310
2,099
93,236
3,446
17,390
842
30,503
2,069
24,983
983
24,840
375
17,467
408
19,931
980
19,161
525
17,090
312
12,849
174
13,575
673
11,416
40
9,864
74
6,223
195
4,438
34
5,663
213
Death
Cured
*One migrated case is included in Cured
*▲ indicates increase in the number in the last 24 hrs
@COVIDNewsByMIB

आत्मनिर्भर भारत का संकल्प

अपने राष्ट्र के नाम संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोरोना के बाद के भारत की मजबूत रुपरेखा देशवासियों के सामने रखी थी. कोरोना के कारण हुए आर्थिक नुकसान एवं आर्थिक ढांचे के चरमरा जाने के पश्चात सबके मन में यही सवाल था कि आगे भारत की आर्थिक नीति क्या होगी ? सरकार किन नीतियों का सहारा लेकर नई आर्थिक व्यवस्था को खड़ा करेगी. पिछले कुछ दिनों से स्वदेशी एवं आत्मनिर्भर भारत की चर्चा सबसे ज्यादा देखने को मिली. लिहाज़ा अटकलें लगाई जाने लगी थी कि अब सरकार इन्हीं नीतियों को अंगीकृत करेगी और हुआ भी यही. प्रधानमंत्री ने राष्ट्र के नाम संबोधन में 'आत्मनिर्भर भारत अभियान' की घोषणा की. इसके लिए प्रधानमंत्री ने 20 लाख करोड़ रूपये का अभूतपूर्व आर्थिक पैकेज देने का भी एलान किया. प्रधानमंत्री के इस ऐतिहासिक घोषणा से भारत के पारंपरिक उद्योग-धंधे जो आज नेपथ्य में दिखाई देते हैं पुनः तकनीकयुक्त होकर भारत को आत्मनिर्भर बनाने में पहली पंक्ति में नजर आएंगे. राष्ट्र के नाम संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कई महत्वपूर्ण बातें कहीं उसे भी समझना आवश्यक है. उन्होंने आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए पांच स्तंभों का जिक्र किया. इसमें अर्थव्यवस्था, इन्फ्रास्ट्रक्चर, सिस्टम टेक्नोलॉजी ड्रिवेन और डिमांड और सप्लाई की ताकत को इस्तेमाल करने की बात कही. अब इसी बुनियाद पर आत्मनिर्भर भारत की मजबूत नींव सरकार रखने जा रही है. गौरतलब है कि सरकार एवं देशवासियों के दृढ विश्वास और आर्थिक पैकेज की संयुक्त शक्ति से ही हम पुनः एक नए भारत, आत्मनिर्भर भारत का निर्माण कर सकेंगे. आर्थिक पैकेज में ध्यान देने योग्य बात यह है कि यह किसी एक वर्ग अथवा केवल बड़े उद्योगपतियों के लिए नहीं है, बल्कि इस पैकेज में किसान, श्रमिक, छोटे व्यापारी सभी को शामिल किया गया है. यह कहना अधिक सुलभ रहेगा कि यह पैकेज संघर्षरत लघु, कुटीर एवं सूक्ष्म, गृह उद्योगों के लिए एक संजीविनी बूटी की तरह है, जिसका सीधा लाभ गाँव, गरीब और छोटे कस्बों के लोगों को होगा. इससे गाँव आत्मनिर्भर होंगे, जिसके परिणामस्वरूप देश का आत्मनिर्भर होना स्वाभाविक है. प्रधानमंत्री ने स्थानीय वस्तुओं कि महत्ता को समझाते हुए देशवासियों को लोकल

प्रोडक्ट खरीदनें एवं उसके प्रचार करने का भी आह्वान किया. अब भारत ने गुणवत्तायुक्त स्वदेशी आत्मनिर्भरता की दिशा में ठोस कदम बढ़ा दिए हैं. सरकार का यह साहसिक संकल्प भारत के प्रत्येक नागरिक के संकल्प के रूप में देखा जाना चाहिए.

Positive India:

1. देश में पहली बार एक दिन में 3 लाख से अधिक लोगों का कोरोना टेस्ट, कुल 1.24 करोड़ परीक्षण पूरे- https://www.jagran.com/news/national-over-3-lakh-covid19-tests-done-in-last-24-hours-for-the-firts-time-in-the-country-icmr-20514297.html

2. Coronavirus Vaccine India: खुशखबरी, देश की दूसरी स्वदेशी कोरोना वैक्सीन का इंसानों पर परीक्षण शुरू- https://www.jagran.com/news/national-coronavirus-vaccine-india-human-trials-for-indias-second-indigenous-covid19-vaccine-zycovd-begins-says-zydus-20514142.html

3. India Coronavirus News Updates: देश में कोरोना के करीब 6 लाख मरीज हुए ठीक, 3.19 लाख संक्रमित- https://www.jagran.com/news/national-india-coronavirus-news-updates-nearly-6-lakh-corona-virus-patients-recover-in-india-20514033.html

4. DRDO ने बनाया ऐसा सॉफ्टवेयर, क्वारंटाइन में कोरोना पीड़ितों पर रखेगा नजर- https://www.jagran.com/news/national-drdo-develops-sampark-for-tracking-covid-patients-20514233.html

5. Coronavirus India: कोरोना काल के दौरान विदेशों में फंसे साढ़े छह लाख भारतीय वापस लाए गए- https://www.jagran.com/news/national-coronavirus-india-six-lakhs-indians-brought-to-india-from-abroad-during-the-coronavirus-period-20514049.html

6. Coronavirus: कोरोना के खिलाफ लड़ाई में भारत के साथ फ्रांस, घोषित करेगा खास पैकेज- https://www.jagran.com/news/national-france-will-announce-special-package-for-india-in-the-fight-against-coronavirus-20513815.html

7. Indian Railways: कोरोना मुक्त सुरक्षित सफर के लिए किया जा रहा रेल डिब्बों में बदलाव- https://www.jagran.com/news/national-indian-railways-news-changes-in-train-coaches-for-corona-free-safe-travel-20511820.html

8. कोरोना वैक्सीन को लेकर खुशखबरी, दो स्वदेशी टीके के लिए चूहे व खरगोश के बाद मानव ट्रायल शुरू- https://www.jagran.com/news/national-covid-19-vaccine-big-news-about-corona-vaccine-now-humans-test-after-mice-and-rabbit-tested-20510567.html

9. Zydus Cadila Starts Human Clinical Trials For Its Covid-19 Vaccine Candidate ZyCoV-D- https://swarajyamag.com/insta/zydus-cadila-starts-human-clinical-trials-for-its-covid-19-vaccine-candidate-zycov-d

10. 2 Indian covid-19 vaccine candidates to enter clinical trials soon- https://www.livemint.com/news/india/two-indian-covid-19-vaccine-candidates-to-start-clinical-trials-this-month-on-fast-track-basis-icmr-11594737206126.html

India Fights Corona (Updates):

- भारत में पिछले 24 घंटों में COVID19 के 29,429 सर्वाधिक मामले और 582 मौतें रिपोर्ट हुई।कुल पॉजिटिव मामलों की संख्या 9,36,181 हो गई है जिसमें 3,19,840 सक्रिय मामले, 5,92,032 ठीक / डिस्चार्ज / माइग्रेट और 24,309 मौतें शामिल हैं: स्वास्थ्य मंत्रालय

- 14 जुलाई तक COVID19 के लिए 1,24,12,664 सैंपलों का टेस्ट किया गया, जिसमें से 3,20,161 सैंपलों का टेस्ट कल किया गया: भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद

- राजस्थान में आज 235 COVID19 मामले, 3 मौतें, 30 रिकवरी और 30 लोग डिस्चार्ज हुए हैं। राज्य में कुल पॉजिटिव मामलों की संख्या बढ़कर 25,806 हो गई है जिसमें 527 मौतें, और 6,080 सक्रिय मामले शामिल हैं: राज्य स्वास्थ्य विभाग

- COVID19 मरीज़ो की रिकवरी रेट बढ़कर 63.20% हो गई है। रिकवरी/ डेथ का अनुपात अब 96.05% : 3.95% है: भारत सरकार

- मिज़ोरम में 5 नए COVID19 मामले सामने आए हैं, राज्य में कुल मामलों की संख्या 238 हो गई है जिसमें 79 सक्रिय मामले और 159 ठीक / डिस्चार्ज हो चुके मामले शामिल हैं : मिज़ोरम मुख्यमंत्री जोरमथांगा

- तेलंगाना में आज 1524 COVID19 पॉजिटिव मामले, 1161 डिस्चार्ज और 10 मौतें दर्ज की गई। राज्य में पॉजिटिव मामलों की संख्या बढ़कर 37,745 हो गई, जिसमें 24,840 डिस्चार्ज और 375 मौतें शामिल है: तेलंगाना सरकार

- असम में आज 757 मरीजों को डिस्चार्ज किया गया। राज्य में कुल COVID19 मामले 17,807 हो गए हैं, जिनमें 12,173 डिस्चार्ज और 46 मौतें शामिल हैं :असम के स्वास्थ्य मंत्री हिमंत बिस्वा सरमा

- आज झारखंड में 247 COVID19 मामले, 3 मौतें और 77 रिकवर मामले दर्ज किए गए। राज्य में कुल मामलों की संख्या बढ़कर 4,225 हो गई, जिसमें 36 मौतें और 2428 रिकवर मामले शामिल हैं :झारखंड सरकार

- हिमाचल प्रदेश में COVID-19 मामले बढ़कर 1,309 हो गए; सक्रिय मामले 347 हैं :राज्य स्वास्थ्य विभाग

- आज जम्मू और कश्मीर में 346 COVID19 मामले सामने आए और 128 मामले रिकवर हुए। केंद्र शासित प्रदेश में पॉजिटिव मामलों की संख्या 11,173 हो गई है, जिसमें 6223 रिकवर मामले और 195 मौतें शामिल हैं :केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर

- मुंबई, महाराष्ट्र में आज 969 नए COVID-19 मामले दर्ज किए गए, जिससे सक्रिय मामलों की संख्या 22,828 हो गई। मुंबई में पिछले 48 घंटों में 70 से अधिक मरीजों की जान जाने के साथ मरने वालों का आंकड़ा 5,402 पर पहुंच गया है। रिकवरी रेट 70 प्रतिशत है :बृहन्मुंबई नगर निगम

- पश्चिम बंगाल में आज 1,390 COVID19 पॉजिटिव मामले दर्ज किए गए, 718 डिस्चार्ज और 24 मौतें हुईं। राज्य में कुल मामलों की संख्या बढ़कर 32,838 हो गई, जिसमें 19,931 डिस्चार्ज और 980 मौतें शामिल हैं :स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग,पश्चिम बंगाल

- पिछले 24 घंटों में उत्तर प्रदेश में 1656 नए COVID19 पॉजिटिव मामले, 778 डिस्चार्ज और 28 मौतें दर्ज की गई। राज्य में सक्रिय मामलों की कुल संख्या 13,760 है, कुल डिस्चार्ज मामले 24,981 और कुल मौतें 983 हुई हैं: उत्तर प्रदेश सरकार

- गुजरात में पिछले 24 घंटों में COVID19 के 915 मामले दर्ज किए गए और 14 मौतें हुई हैं, जिससे राज्य में कुल मामलों की संख्या 43,723 हो गई, जिसमें 30,555 डिस्चार्ज और 2,071 मौतें शामिल हैं :राज्य स्वास्थ्य विभाग

- हरियाणा में आज 699 COVID19 मामले और 4 मौतें दर्ज की गई। अब राज्य में सक्रिय मामलों और मरने वालों की संख्या क्रमशः 5,226 और 312 है :राज्य स्वास्थ्य विभाग

- कर्नाटक में पिछले 24 घंटों में 2,496 नए मामले और 87 मौतें दर्ज की गई। सक्रिय मामले 25,839 हो गए हैं, अब तक कुल 842 लोगों की मौत हुई है। बेंगलुरु में आज सबसे ज्यादा 1,267 मामले दर्ज किए गए, जिसके बाद मैसूरु में 125 मामले दर्ज किए गए हैं: राज्य स्वास्थ्य विभाग

- बिहार में पिछले 24 घंटे के दौरान 1432 लोगों में कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई। एक दिन में संक्रमण की यह अब तक सबसे बड़ी संख्या है। राज्य में कुल संक्रमितों की संख्या 18,853 हो गई है।

- पश्चिम बंगाल सरकार ने बढ़ते कोविड19 संक्रमण को देखते हुए कंटेनमेंट ज़ोन में रविवार तक लॉकडाउन बढ़ाने का फैसला किया है। लॉकडाउन आज से लागू हो जाएगा।

स्किल इंडिया मिशन: कुशल भारत की मजबूत नींव पर आत्मनिर्भर भारत की इमारत खड़ी की जा सकती है

भारत एक युवा राष्ट्र है। यहां युवा जनशक्ति सबसे बड़ा वर्ग है। कौशल एक ऐसा साधन है जो देश के इस सबसे बड़े वर्ग के रूप में युवाओं को उत्पादक और सशक्त बनाने की क्षमता रखता है। जब हम कौशल विकास के माध्यम से सशक्तीकरण की बात करते हैं तो केवल व्यक्ति नहीं, पूरे समाज को सशक्त बनाने की बात करते हैं। यह सशक्तीकरण हमारे देश के नागरिकों को एक बेहतर कल देने के साथ ही एक आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए अत्यंत आवश्यक है। सरकार, उद्योग जगत और शैक्षणिक समुदाय के संयुक्त प्रयासों द्वारा हम सभी इस लक्ष्य को पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। चूंकि कोरोना महामारी से उबरने के बाद विश्व की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं द्वारा वैश्विक बाजार में मांग और अवसर बढ़ेंगे इसलिए हमारा प्रयास है कि हम युवाओं को उनकी कौशल और प्रतिभा के अनुसार वैश्विक जगत के लिए पूरी तरह से तैयार कर सकें। श्रम-आधारित अर्थव्यवस्था को कौशल-आधारित अर्थव्यवस्था में बदलना हमारा लक्ष्य है। युवाओं को कुशल बनाना और फिर उन्हें नया कौशल देने पर तेजी से काम हो रहा है। आत्मनिर्भर भारत की सफलता युवा-जनशक्ति की आकांक्षाओं पर निर्भर करती है। नौकरी पाने की अपेक्षा नौकरी देने की मानसिकता के साथ ही उनकी उद्यमशीलता इस मिशन को ऐतिहासिक सफलता दिला सकती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पांच वर्ष पहले राष्ट्र के आर्थिक विकास को गति देने में कुशल कार्यबल की भूमिका को समझते हुए स्किल इंडिया मिशन की शुरुआत की थी। यह एक मिशन न होकर भारत को आर्थिक पथ पर सशक्त करने वाला आंदोलन है। कुशल भारत की नींव द्वारा ही आत्मनिर्भर भारत की मजबूत इमारत खड़ी की जा सकती है।

Source: https://www.jagran.com/editorial/apnibaat-skill-india-mission-strong-building-of-self-reliant-india-can-be-built-on-foundation-of-skilled-india-20512620.html

Prepared by:

Adarsh Tiwari

Abhay Singh

Manujam Pandey